The research studies so far, have given us an early lead about the magnitude of the problem and the major modes of transmission. Continued research is essential to contain spread of HIV infection.

Conducting research on AIDS is not a waste of money, as Research is necessary to determine:

(i) prevalence of infection in high risk groups in different regions.

(ii) modes of transmission of HIV infection;

(iii) clinical profile of AIDS cases;

(iv) natural history of HIV infection and plan effective control measures;

(v) R & D for control of AIDS.

श्री लंका में भारतीय फौज

785. **श्री राम नरेश यादव :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ वर्ष पूर्व श्रीलंका और भारत के बीच हुए समझौते को कार्यान्वित करने के लिए भारत सरकार ने अपनी फौज श्रीलंका भेजी थी ;

(ख) यदि हां, तो जनवरी, 1989 तक इन सैनिकों पर भारत सरकार द्वारा कुल कितनी धनराशि खर्च की गई ;

(ग) इसी अवधि तक श्रीलंका में मारे गये घायल हुये विभिन्न रैंकों के फौजी-अफसरों तथा सिपाहियों की संख्या कितनी-कितनी है ; और

(घ) इन सैनिकों को श्रीलंका से कब तक वापस बुला लिए जाने की संभावना है ?

रक्षा संसदीय कार्य उत्पादन और पूर्ति विभाग में राज्य मंत्री (श्री चिंतामणि पाणिग्रही) : (क) भारत-श्रीलंका समझौते के कार्यान्वयन में सहायता करने और श्रीलंका के उत्तरी-पूर्वी प्रांत में सभी समुदायों के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय शांति सेना जुलाई, 1987 से श्रीलंका में तैनात है ।

(ख) 31-1-1989 तक भारतीय शांति सेना की कार्रवाईयों पर 175.79 करोड़ रुपए खर्च होने की सूचना है ।

(ग) 31-1-1989 तक 37 अफसर और 735 जूनियर कमीशन अफसर/अन्य रैंक मारे गये तथा 115 अफसर तथा 1898 जूनियर कमीशन अफसर/अन्य रैंक घायल हुये ।

(घ) श्रीलंका में भारतीय सेना कितने समय तक रहेगी इस प्रश्न को भारत श्रीलंका समझौते के कार्यान्वयन के संदर्भ में देखा जाना चाहिए । भारतीय शांति सेना को वापस बुलाने के लिए कोई निश्चित समय सीमा नहीं बताई जा सकती ।

विलम्ब से पूरा होने वाली केंद्रीय परियोजनायें

786. **श्री राम नरेश यादव :**
श्री राम जेटमलानी :

क्या कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश के विभिन्न भागों में विकास के लिए बनायी गयी अनेक परियोजनायें अपने निर्धारित समय में पूरी नहीं हो सकी हैं ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1988 के अन्त तक कुल कितनी परियोजनायें निर्माणाधीन थीं ;

(ग) इनमें से उन परियोजनाओं की संख्या कितनी है जो अपने निर्धारित समय में पूरा नहीं हो पायी है ; और

(घ) निर्धारित समय में पूरा न होने के कारण इनकी निर्माण लागत में कितनी वृद्धि हो गई है ?

योजना मंत्री तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री (श्रीमाधव सिंह सोलंकी) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) 30 सितम्बर 1988 की स्थिति के अनुसार, मंत्रालय की